भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या: 3189
गुरुवार, 18 दिसंबर, 2025/27 अग्रहायण, 1947 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

उड़ान 5.4 योजना के अंतर्गत आने वाले मार्ग

3189. श्री नवसकनी के.:
श्री सी. एन. अन्नादुरईः

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) उड़ान योजना के अन्तर्गत तमिलनाडु के विभिन्न शहरों को जोड़ने वाले मार्ग सहित देश में इसकी शुरूआत से लेकर अब तक कुल कितने मार्ग संचालित किये गये हैं;

(ख) क्या सरकार ने क्षेत्रीय हवाई संपर्क बढ़ाने के लिए उड़ान संस्करण 5.4 शुरू किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) विशेषकर तमिलनाडु में हवाई सेवाओं में सुधार के संबंध में उड़ान 5.4 के उद्देश्य और मुख्य विशेषताएं क्या हैं;

(घ) उड़ान 5.4 के अंतर्गत तमिलनाडु में कितने मार्गों और विमानपतनों को शामिल करने का प्रस्ताव है;

(ङ) क्या यह योजना तमिलनाडु के अल्पसेवित तथा असेवित क्षेत्रों तथा टियर-2/टियर-3 शहरों पर विशेष ध्यान देती है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(च) नए उड़ान 5.4 मार्ग की सहायता के लिए तमिलनाडु में विमानपत्तन अवसंरचना की मौजूदा स्थिति क्या है; और

(छ) उक्त राज्य में उड़ान 5.4 के निष्पादन की निगरानी तथा समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) से (छ): दिनांक 30.11.2025 तक, क्षेत्रीय संपर्क योजना-उड़े देश का आम नागरिक (आरसीएस-उड़ान) के तहत तमिलनाडु में 26 मार्गों सहित देश भर में 651 मार्गों को प्रचालनरत किया गया है।

उड़ान 5.4 को उन रद्द किए गए मार्गों पर पुनः बोली लगाने के लिए आयोजित किया गया था, जिनकी इस योजना के तहत पुनः आवंटन हेतु पात्र होने के रूप में पचान की गई थी। उड़ान 5.4 के तहत तमिलनाडु को जोड़ने वाला कोई भी आरसीएस मार्ग पुनः बोली लगाए जाने के लिए उपयुक्त नहीं था।

आरसीएस-उड़ान योजना का उद्देश्य तमिलनाडु सहित देश भर के टियर-2 और टियर-3 शहरों में असेवित और अल्पसेवित क्षेत्रों के लिए किफ़ायती हवाई संपर्क को बढ़ाना है।

सेलम हवाईअड्डे का विकास 'उड़ान' योजना के तहत किया गया और दिनांक 25.03.2018 को इसे प्रचालनरत किया गया। इसके साथ-साथ, तमिलनाडु में वेल्लोर और नेवेली हवाईअड्डे पर विकास कार्य पूरा हो गया है, और अभी वहाँ लाइसेंसिंग प्रक्रिया चल रही है।

*****